कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.07.2024

विषयः-आगामी रथयात्रा मेला व मुहर्रम त्योहार में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब द्वारा थाना राजातालाब पर की गयी पीस कमेटी की बैठक*

आज दिनांक 03.07.2024 को सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब द्वारा थाना राजातालाब पर आगामी रथयात्रा मेला व मुहर्रम त्यौहार में शान्ति/सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना तथा आपसी भाई-चारा बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित मुस्लिम संप्रदाय के धर्मगुरुओं, ताजियादारों, मेला आयोजकों तथा अन्य संभ्रान्त व्यक्तियों को शासन द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश से अवगत कराते हुए आपसी भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु हिदायत दिया गया। ताजियादारों की समस्याओं को सुनकर उनके तत्काल समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारी के सरकारी नम्बर पर संपर्क कर अवगत कराने हेतु अपील की गई। थानाध्यक्ष राजातालाब व पुलिस के अधि0/कर्मचारीगणों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी धर्मों के संभ्रान्त व्यक्ति, थानाध्यक्ष राजातालाब व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती-जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।